Haryana Vidhan Sabha

14/16/175

To Call all Qualified Candidates

26/07/2023 26/07/2023

*14/16/175 श्री कुलदीप वत्स(बादली)

सामान्य प्रशासन मंत्री

will the Chief Minister be pleased to state:-

में सदन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि CET में पास हुए परीक्षार्थियों के भविष्य के लिए आपके पास क्या योजना है ? HSSC में नौकरी पाने के लिए CET की जो परीक्षा सरकार ने ली थी, उसमें पात्रता पास करने के लिए आपने 50% अंक का नियम लागू किया है यानि जिस भी परीक्षार्थी के 50% अंक आए वह हरियाणा सरकार की नौकरी के लिए पात्र हो जाएगा तो फिर आप यह नियम कैसे लगा सकते हैं कि किसी भी पदों की भर्ती के लिए पदों की संख्या के 4 गुणा अभ्यार्थी ही उन पदों पर परीक्षा दे पाएंगे, तो फिर बचे हुए अभ्यार्थियों का परीक्षा पास करने का क्या महत्व है और उनके भविष्य के लिए सरकार क्या करेगी। मुख्यमंत्री जी किसी भी भर्ती के लिए पदों की संख्या का 4 गुणा अभ्यर्थी आप बुलाते हैं, इसमें वो बच्चे छूट जाते हैं जो आपके द्वारा ली गयी CET की परीक्षा में तो पास है लेकिन 4 गुणा में नहीं आते। क्या पता उस समय उस छात्र की क्या मजबूरी रही हो कि वो 4 गुणा में नही आ पाया, इसका ये फतई अर्थ नहीं है की वो बच्चा प्रतिभावान नही है क्योंकि उसने आपके द्वारा CET की ली हुए परीक्षा पास की है। श्रीमान जी, आपसे निवेदन यह है की 4 गुणा ना बुलाकर किसी भी भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा पास किये सभी बच्चों को बुलाएँ ताकि कोई प्रतिभावान और जरूरतमंद बच्चा छूट ना जाए। क्या इस विषय के बारे में कोई प्रावधान सरकार में विचाराधीन है ? कृपया कर माननीय मुख्यमंत्री जी सदन के पटल पर विस्तार से बताए ।